राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक के सफल आयोजन हेतु ग्राम पंचायत व खंड स्तर पर होगा समितियों का गठन

चर्चा में क्यों?

18 अगस्त, 2022 को राजस्थान के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के सचिव नवीन जैन ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक्स-2022 के आयोजन की तैयारियों को लेकर सभी ज़िलों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायत व खंड स्तर पर समितियों के गठन के निर्देश जारी किये।

प्रमुख बिंदु

- राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक्स-2022 के लिये ग्राम पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताएँ 29 अगस्त से 1 सितंबर के मध्य आयोजित होंगी। ग्राम पंचायत स्तर पर विजेता टीम खंड स्तर पर 12 सितंबर से आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी।
- ग्राम पंचायत स्तर पर समिति- समिति के संयोजक ग्राम पंचायत के सरपंच होंगे। राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, ग्राम सचिव, पटवारी तथा शारीरिक शिक्षक समिति के सदस्य होंगे।
- खंड स्तर पर समिति- खंड स्तर समिति के संयोजक पंचायत समिति के उपखंड अधिकारी होंगे तथा ब्लॉक विकास अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। इसमें ब्लॉक पंचायत समिति के प्रधान, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व ज़िला खेल अधिकारी का प्रतिनिधि तथा राजकीय शारीरिक शिक्षक सदस्य होंगे।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पहली बार राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल आयोजित होंगे। 29 अगस्त से शुरू होने वाले इस आयोजन में गाँव-ढाणी की खेल प्रतिभाओं को राज्यस्तरीय मंच मिलेगा और प्रदेश को भविष्य के लिये उभरते खिलाड़ी मिलेंगे।
- इन खेलों के लिये 30 लाख ग्रामीणों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसमें कबड्डी, खो-खो, टेनिसबॉल क्रिकेट, वालीबॉल, हॉकी और शूटिंग जैसे खेल खेले जाएंगे। ज़िलों के बाद विजेता टीमों के बीच राज्यस्तरीय खेल जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/committees-to-be-formed-at-panchayat-and-block-level-for-the-rajiv-gandhi-rural-olympics